दिन– रविवार | दिनांक– 30 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना में सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में मैथिली मृणालिनी अध्यक्ष निर्वाचित। पहली बार अध्यक्ष सहित तीन पद पर छात्राओं ने जीत दर्ज की।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ हो रही है मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज पटना के बापू सभागार में सहकारिता योजनाओं की शुरुआत करेंगे और सहकारी समितियों से जुड़े लोगों को संबोधित करेंगे। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

–––बाईट–––

इधर, कार्यक्रम के दौरान बिहार राज्य सहकारी बैंक की ओर से बैंक मित्रों को माइक्रो एटीएम कार्ड दी जायेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग की सुविधा सहकारी समितियों को मिल सकेगी। इसके अलावा, दुग्ध सहकारी समिति को निबंधन प्रमाण–पत्र, एफ.पी.ओ. को ऋण वितरण प्रमाण–पत्र और जन औषधि केंद्र, कॉमन सर्विस केन्द्रों को प्रशस्ति–पत्र दिया जाएगा। श्री शाह पटना में नवनिर्मित छात्रावास का उद्घाटन और दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान का भी उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के पांच हजार से अधिक पैक्स, मत्स्यजीवी सहयोग समिति, बुनकर सहयोग समिति, एक हजार दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति, तीन सौ प्रखंड स्तरीय सब्जी उत्पादक सहयोग समिति और तीन सौ हैण्डलूम बुनकर समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। सहकारिता सम्मेलन के बाद श्री शाह दोपहर बाद गोपालगंज के पुलिस लाईन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस जनसभा को काफी महत्पवूर्ण माना जा रहा है। श्री शाह दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में एनडीए के नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और अन्य तैयारियों पर चर्चा होने की सम्भावना

है। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तीन अन्य घटक दल, लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मार्चे सेक्युलर और उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता भी शामिल होंगे।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

——————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एबीवीपी की उम्मीदवार मैथिली मृणालिनी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव के इतिहास में पहली बार कोई छात्रा अध्यक्ष चुनी गयी है। मैथिली ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनसयूआई के मनोरंजन कुमार राजा को छह सौ तीन मतों के अंतर से पराजित किया। छात्र संघ के चुनाव में पहली बार महिलाओं ने तीन पदों पर जीत हासिल की है। महासचिव पद पर निर्दलीय सलोनी राज और कोषाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की सौम्या श्रीवास्तव ने जीत हासिल की, जबकि उपाध्यक्ष पद निर्दलीय धीरज और संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई के रोहन कुमार विजयी हुए हैं। इधर, जीत के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए अध्यक्ष मैथिली मृणालिनी ने कहा कि वे छात्र हित में काम करेंगी।

———बाइट———

——————————————————————

राज्य में चल रहे जमीन सर्वे के लिए स्व–घोषणा की अंतिम तिथि आगामी इकतीस मार्च तक निर्धारित है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने बताया कि समय सीमा समाप्त होने के बाद भी स्वघोषणा अपलोड करने के लिए कुछ दिनों तक पोर्टल खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद उच्चस्तरीय समीक्षा के बाद इसे बंद करने या फिर और कितने दिनों तक समय दिया जाए, इसका निर्णय होगा। श्री

सरावगी ने बताया कि पोर्टल से लोग ऑनलाइन या फिर विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में ऑफलाइन जमीन संबंधी कागजात जमा कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति अभी तक जमीन संबंधी स्वघोषणा नहीं कर सके हैं, वे जल्द ही इसकी घोषणा कर दें। इसमें किसी तरह की परेशानी हो तो विभागीय कर्मियों से सहायता ली जा सकती है।

——————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम कल जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस वर्ष पहले और दूसरे स्थान पर तीन–तीन विद्यार्थी संयुक्त रूप से रहे हैं, जबकि पांच विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने अबतक का सबसे फास्ट रिजल्ट जारी किया है।

———बाईट———

बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि इस वर्ष टॉप स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली इनामी राशि दोगुनी कर दी गयी है।

———बाईट———

समस्तीपुर जिले के न्यू इंडिया सुगर मिल्स उच्च विद्यालय हसनपुर रोड के छात्र सिद्धार्थ यदुवंशी ने चार सौ बयासी अंक प्राप्त कर परीक्षा में पूरे बिहार में आठवां स्थान प्राप्त किया। यदुवंशी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता–पिता को दिया है।

———बाईट———

शेखपुरा के इस्लामिया उच्च विद्यालय की छात्रा अंशिका कुमारी ने टॉप टेन में जगह बनायी है। अंशिका ने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई की जाए तो सफलता निश्चित है।

———बाईट———

——————————————————————

मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस से वंचित परीक्षार्थियों को बोर्ड ने एक और मौका देने का निर्णय लिया है। इसके लिए विशेष परीक्षा का आयोजन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में होगा। कंपार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा की प्रक्रिया चार अप्रैल से शुरू होने की सम्भावना है। इसके लिए परीक्षार्थियों को ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा करना होगा।

——————————————————————

राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र में कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन की प्रक्रिया अप्रैल में शुरू हो जाएगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि संस्थानों के नाम के साथ संकायवार सीटों का विवरण जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन बीस से पच्चीस अप्रैल तक कर सकेंगे।

——————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है।

———म्युजिक———

अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। यह त्यौहार देवी दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नौ दिवसीय उत्सव का समापन भगवान राम के जन्मदिन, राम नवमी के दिन होता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। इधर, आकाशवाणी का आराधना यूट्यूब चैनल नवरात्र के लिए आज से छह अप्रैल तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। समारोह का विशेष आकर्षण अनूप जलोटा, नरेन्द्र चंचल, जगजीत सिंह, हरिओम शरण, महेंद्र कपूर और अनुराधा पौडवाल द्वारा प्रस्तुत नवरात्र भजन होंगे। चौनल देश भर के विभिन्न शक्ति पीठों पर विशेष फीचर भी प्रस्तुत करेगा।

———म्युजिक———

——————————————————

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

——————————————————

आज से हिन्दू नव वर्ष की भारतीय विक्रम नव संवत्सर दो हजार बयासी की शुरूआत हो गयी है। प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत होती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को साल का पहला दिन मानकर देशभर में काल गणना की जाती है।

——————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर तेज गर्म हवा के कारण अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान

बांका और नालंदा का राजगीर सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– सहायक उर्दू अनुदवादक के पदों की संख्या दोगुनी होगी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– अलकतरा घोटाला में पूर्व मंत्री इलियास हुसैन सहित पांच को तीन–तीन वर्ष की सजा।

दैनिक भास्कर ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम पर लिखा है– पहली बार टॉप टेन में एक सौ तेईस बच्चे, इनमें राजधानी के बड़े स्कूलों से एक भी नहीं।

प्रभात खबर ने म्यांमार में आये भूकम्प पर शीर्षक दिया है– भूकम्प से तबाही, म्यांमार में सोलह सौ लोगों की मौत, राहत में जुटा भारत, ऑपरेशन ब्रम्हा शुरू।

आज अखबार की सुर्खी है– छत्तीसगढ़ में मारे गये सत्रह नक्सली, पच्चीस लाख रूपये का ईनामी बुधरा भी ढेर।

राष्ट्रीय सहारा समेत अन्य अखबारों ने प्रदेश में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को बड़ी खबर बनाया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना में सहकारिता सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में मैथिली मृणालिनी अध्यक्ष निर्वाचित। पहली बार अध्यक्ष सहित तीन पद पर छात्राओं ने जीत दर्ज की।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ हो रही है मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।